>

Title: Need to enhance the amount of compensation and to provide employment to the farmers whose lands have been acquired for expansion of Gaya airport in Bihar.

श्री हरी माझी (गया): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं अपने संसदीय क्षेत्र की एक गंभीर समस्या की ओर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री का ध्यान दिलाना चाहता हूं। गया में एयरपोर्ट का विस्तार करने के लिए वहां के किसानों की भूमि अधिगृहीत की गयी है, जिसका मुआवजा किसानों को बहुत कम दिया जा रहा है। वहां के किसानों में भारी आक्रोश फैल रहा है। किसान लगातार मुआवजे के लिए धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि किसानों को ध्यान में रखते हुए मुआवजे की राशि बढ़ायी जाए तथा जिन किसानों की जमीन जा रही है, उनके परिवार के एक-एक सदस्य को एयरपोर्ट में रोजगार दिया जाए।